# गेट - 2019 के माध्यम से इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षुओं - 2019 की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी बिजली कंपनी कुल 52,946 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ वर्तमान में 50 स्टेशनों (20 कोयला आधारित स्टेशन, 7 संयुक्त चक्र गैस/तरल ईंधन आधारित स्टेशन, 2 हाइड्रो आधारित स्टेशन, 9 संयुक्त उपक्रम स्टेशन और 12 रिन्यूवेबल ऊर्जा परियोजनाओं) का संचालन कर रही है। हमारे देश की समृद्धि की चुनौतियों के साथ सहभागी एनटीपीसी 2032 तक कुल 130 गीगावॉट की स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू कर रही है। अपनी इस महत्वाकांक्षी समृद्धि योजना को प्राप्त करने के लिए एनटीपीसी शानदार अकादमिक उपलब्धियों वाले प्रतिबद्ध, समर्पित, उर्जावान युवा स्नातक इंजीनियरों को अपने संगठन में शामिल करना चाहती है जैसेः

| इंजीनियरिंग कार्यकारी प्रशिक्षु |
|---|
| *इलेक्ट्रिकल(47) *मैकेनिकल(95) *इलेक्ट्रॉनिक्स(25) *इंस्ट्रूमेंटेशन(25) *माइनिंग(15) |

**योग्यता :**

कम से कम 65% अंकों के साथ संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमानुसार इंजीनियरिंग या टेक्नालॉजी/एएमआईई में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र भी पात्र हैं हालांकि उन्हें इंजीनियरिंग की डिग्री में कम से कम 65% अंक प्राप्त करना होगा। नीचे दिए विषयों के लिए चिन्हित निर्धारित डिग्री के साथ कोई अभ्यर्थी केवल ईईटी के पद के लिए आवेदन कर सकता है।

| विज्ञापित विषय | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल–इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन–कंट्रोल/पॉवर सिस्टम्स – हाई वोल्टेज/पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स/पॉवर इंजीनियरिंग |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन–इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल/मेकेनिकलल–ऑटोमेशन/पॉवर इंजीनियरिंग |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलिकम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स–पॉवर/पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स–कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रिकल–इलेक्ट्रॉनिक्स |
| इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स – इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन – कंट्रोल |
| माइनिंग इंजीनियरिंग | माइनिंग |

**आयु सीमा :**

एनटीपीसी में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (31.01.2019) पर ऊपरी आयु सीमा 27 वर्ष है।

**चयन प्रक्रिया :**

पात्र अभ्यर्थियों के लिए इंजीनियरिंग (गेट)–2019 में स्नातक उपाधि परीक्षा के लिए आवेदन करना होगा। गेट–2019 के अंकों और जरूरत के आधार पर अभ्यर्थियों को अन्य चयन प्रक्रिया (ऑनलाइन व्यवहार/योग्यता परीक्षा जीडी और साक्षात्कार के बाद) के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। अंतिम श्रेष्ठता सूची गेट–2019 के अंकों का 85% वेटेज, जीडी अंकों का 5% वेटेज और साक्षात्कार अंकों के 10% वेटेज के आधार पर तैयार की जाएगी। कृपया नोट करें कि ईटी–2019 भर्ती के लिए, केवल गेट–2019 के स्कोर्स ही मान्य होंगे।

**गेट–2019 पेपर में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को नीचे दिए विवरण के अनुरूप उपस्थित होना होगा।**

| इंजीनियरिंग विषयबद्धता जैसा कि एनटीपीसी द्वारा विज्ञापित किया गया | गेट–2019 पेपर के समतुल्य | गेट–2019 पेपर कोड के समतुल्य |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल –इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन – कंट्रोल /पॉवर सिस्टम्स – हाई वोल्टेज/पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स/पॉवर इंजीनियरिंग) | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | ईई |
| मेकेनिकल इंजीनियरिंग (मेकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन – इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल / मेकेनिकल–ऑटोमेशन/पॉवर इंजीनियरिंग) | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | एमई |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स – टेलिकम्युनिकेशन /इलेक्ट्रॉनिक्स – पॉवर/ पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स – कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रिकल – इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलेक्ट्रॉनिक्स – कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग | ईसी |
| इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स – इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन – कंट्रोल) | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन |
| माइनिंग इंजीनियरिंग. | माइनिंग इंजीनियरिंग | एमएन |

**प्रस्तावित रिक्तियां :**

प्रत्येक विषय में श्रेणी गत प्रस्तावित रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

| विषय | रिक्तियां | | | | | चिन्हित अक्षमताओं (विषयगत) के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | यूआर | ओबीसी | एससी | एसटी | |
| इलेक्ट्रिकल | 47 | 29 | 10 | 6 | 2 | ओए, ओएल, एचएच |
| मेकेनिकल | 95 | 50 | 25 | 14 | 6 | ओए, ओएल, एचएच |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 50 | 24 | 16 | 6 | 4 | ओए, ओएल, एचएच |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | | | | | | |
| माइनिंग | 15 | 9 | 4 | 1 | 1 | – |

अनुश्रुतिः ओएल (वन लेग), ओए (वन आर्म), एचएच (हियरिंग हैंडिकैप्ड)

पीडब्ल्यूबीडीस् के लिए रिक्तियां सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित।

ऊपर दी गई प्रस्तावित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के निर्णय पर बढ़/घट सकती हैं।

**मुआवजा पैकेज :**

एनटीपीसी लिमिटेड उद्योग में सबसे अच्छा वेतन पैकेज प्रदान करता है। चयनित अभ्यर्थी एक वर्षीय प्रशिक्षण के दौरान वेतनमान रुपये 60000 – 1,80,000/– के मूल वेतन रूपये 60000 पर रखे जाएंगे। अन्य लाभ जैसे कि महंगाई भत्ता, अन्य अतिरिक्त सुविधाएं और भत्ते, सेवानिवृत्ति लाभ इत्यादि प्रशिक्षण/समावेशन के दौरान समय–समय पर कंपनी के नियमों के मुताबिक स्वीकार्य होंगे।

**नियोजन :**

चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न स्थानों पर एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। पदस्थापन का क्षेत्र शामिल होने के बाद आवंटित किया जाएगा और आवंटित क्षेत्र में पदस्थापन का अंतिम स्थान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद तय किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को परियोजनाओं/स्टेशनों या एनटीपीसी की पूरक कंपनियों के कार्यालयों समेत पूरे देश में कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है।

**आरक्षण और छूट :**

1. एससी/एसटी/ओबीसी (नान क्रीमीलेयर)/एक्सएसएम/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण और छूट सरकारी दिशानिर्देशों के मुताबिक प्रदान किया जाएगा। एससी/एसटी/ओबी (नान क्रीमीलेयर)/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए चिन्हित रिक्तियों में छूट बढ़ाई जाएगी।
2. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी) ऑनलाइन आवेदन फार्म में एक बार भर जाने के बाद बदली नहीं जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी के कोई भी लाभ स्वीकार्य नहीं होंगे। यदि बुलाया जाता है तब साक्षात्कार के समय आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे।
3. एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों से एनटीपीसी लिमिटेड में ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान कोई पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा।
4. क्वालिफाइंग परीक्षा में कम से कम 55% अंकों वाले एससी, एसटी, और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।
5. एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों, ओबीसी (नान क्रीमीलेयर) अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्षों की छूट दी गई है। यह छूट पीडब्ल्यूबीडी सामान्य के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–ओबीसी के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी–एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए 15 वर्ष है।
6. क्रीमीलेयर से संबंधित ओबीसी अभ्यर्थी ओबीसी श्रेणी के लिए स्वीकार्य छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को खुद को सामान्य श्रेणी का बताना होगा। ओबीसी (नान क्रीमीलेयर) अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा केवल वर्तमान वर्ष के लिए जारी आवश्यक प्रमाणपत्र जमा करना होगा। यदि बुलाया गया तो जीडी व साक्षात्कार के समय भी ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को इस आशय का स्व–वचन देना होगा कि वे ओबीसी (नान क्रीमीलेयर) श्रेणी से संबंधित हैं।
7. उन अभ्यर्थियों के लिए जो 01.01.80 से 31.12.89 तक सामान्य रूप से जम्मू – कश्मीर राज्य में अधिवासित किए गए थे को ऊपरी आयु में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई। इसके अलावा, पूर्व सैनिकों (एक्सएसएम) के लिए आयु में छूट भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार होगी।

**सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र :**

सामान्य और ओबीसी श्रेणी के चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कम से कम 3 वर्षों के लिए कंपनी की सेवा को रुपये 2,50,000/– (एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए रुपये 1,25,000/–) एक सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र देना होगा।

**स्वास्थ्य :**

अभ्यर्थी का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। शामिल होने से पहले, अभ्यर्थियों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराना होगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन कैसे करें :**

1. गेट–2019 पर विस्तृत जानकारियों के लिए अभ्यर्थी **http://www.gate.iitg.ac.in/** पर लाग इन कर सकते हैं।
2. ऐसे अभ्यर्थी जो गेट–2019 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, उनके प्रवेश पत्र पर मुद्रित गेट–2019 पंजीयन संख्या प्राप्त हो जाएगी। गेट–2019 पंजीयन संख्या की रसीद पर, अभ्यर्थियों को 10.01.2019 से 31.01.2019 तक वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर एनटीपीसी ईटी–2019 के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
3. सामान्य /ओबीसी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को गैर वापसी योग्य पंजीयन शुल्क रुपये 150/– अदा करना होगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम श्रेणी के अभ्यर्थियों को पंजीयन शुल्क नहीं देना होगा। भुगतान ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन तरीके से किया जा सकता है।
4. **ऑफलाइन तरीके से भुगतान** : एनटीपीसी की तरफ से स्टेट बैंक आफ इंडिया की सीएजी शाखा, नई दिल्ली में विशेष रूप से खोले गए खाता (संख्या 30987919993) में पंजीयन शुल्क संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी को "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ निकट की एसबीआई शाखा से संपर्क कर सकते हैं जो आवेदन पंजीयन पोर्टल पर उपलब्ध है। आवंटित खाते में शुल्क राशि उपयुक्त तरीके से जमा करने के लिए केवल पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप ही उपयोग में लाई जानी चाहिए। शुल्क जमा करने वाले बैंक की ओर से धन की प्राप्ति पर, बैंक द्वारा एक यूनीक जर्नल नंबर और ब्रांच का एक ब्रांच कोड जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के दौरान यह जर्नल नंबर और ब्रांच कोड भरा जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी गलत खाते में शुल्क जमा कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।
5. **ऑनलाइन तरीके से भुगतान** : अभ्यर्थी (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) ऑनलाइन भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के अंत में उपलब्ध, सम्मिट बटन से पहले ऑनलाइन भुगतान विकल्प भी मौजूद है।
6. एक बार अदा किया जा चुका शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से निवेदन है कि वे पंजीयन शुल्क अदा करने से पहले अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।
7. ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को अपनी फोटो व हस्ताक्षर (जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट 1 एमबी साईज) में अपलोड करना आवश्यक होगा।
8. निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें और गेट–2019 पंजीयन संख्या और भुगतान विवरण समेत सटीक जानकारियों के साथ ऑनलाइन आवेदन फार्म भरें। सफलतापूर्क पंजीयन के बाद, सिस्टम एक यूनीक रजिस्ट्रेशन नंबर सृजित करेगा। अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन स्लिप का प्रिंटआउट रखना होगा जो सफलतापूर्व पंजीयन के बाद सिस्टम द्वारा सृजित होगा।
9. कृपया सुनिश्चित करें कि गेट रजिस्ट्रेशन नंबर, जो आपके गेट प्रवेश पत्र पर उल्लिखित है, सही ढंग से भरा गया हो। गेट प्रवेश पत्र में प्रदर्शित होने के रूप में नाम भी भरा होना चाहिए। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा दी गई किसी भी जानकारी में किसी भी बदलाव का निवेदन स्वीकार नहीं होगा।

**सामान्य सूचनाएं और निर्देश :**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन के लिए पात्र।
2. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंड पूरा करता है।
3. सभी योग्यता किसी भारतीय विश्वविद्यालय/एआईसीटीई द्वारा प्रमाणीकृत संस्थान/उपयुक्त वैधानिक प्राधिकार प्राप्त संस्थान से होनी चाहिए।
4. किसी भी मैनुअल/पेपर आवेदन पर विचार नहीं होगा।
5. यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी झूठी पाई गई अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के साथ उपयुक्त नहीं पाई गई तो किसी भी पंजीकृत अभ्यर्थी की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया या भर्ती अथवा शामिल होने के किसी भी स्तर पर खारिज की जा सकती है।
6. महत्वपूर्ण निर्देशों/पूछे जाने वाले सवालों के लिए अभ्यर्थी वेबसाइ पर फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू) अनुभाग पर जा सकते हैं।
7. ऑनलाइन आवेदन फार्म में उल्लिखित ईमेल आईडी कम से कम अगले एक वर्ष तक बनी रहनी चाहिए। एक बार उल्लेख कर दिए जाने के बाद ईमेल आईडी में किसी भी तरह के बदलाव की अनुमति नहीं होगी। भविष्य में किया जाने वाला कोई भी पत्र व्यवहार केवल ईमेल के जरिये भेजा जाएगा।
8. अभ्यर्थी यदि साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय गेट आर्गनाइजिंग कमेटी से प्राप्त अपना मूल गेट 2019 स्कोर कार्ड लाना आवश्यक होगा।
9. सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त संस्थाओं/निजी संगठनों में रोजगार रत अभ्यर्थी यदि उस पद के लिए चुन लिए गए हैं, तो शामिल होने के समय वर्तमान संगठन से जारी किया हुआ रिलीविंग लेटर जमा करना आवश्यक होगा।
10. यदि आवश्यकता हुई, तो एनटीपीसी बिना कोई अन्य सूचना जारी किए अथवा बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के बाद निरस्त/प्रतिबंध/बढ़ाने/बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. किसी भी कारण/विवाद की स्थिति में न्यायिक अधिकार क्षेत्र एनसीटी दिल्ली होगा।

| महत्वपूर्ण तिथियां : | | |
|---|---|---|
| a. | एनटीपीसी में ऑनलाइन पंजीयन की शुरूआत | 10.01.2019 (1100 बजे) |
| b. | एनटीपीसी में ऑनलाइन पंजीयन के लिए अंतिम तिथि | 31.01.2019 (मध्यरात्रि) |

एनटीपीसी NTPC एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर-7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

**www.ntpccareers.net पर जाएं**

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

Advt 05/18 (detailed advt)

Size: W-25cm x H-38cm